**प्रेस नोट / ट्रैफिक एडवाइजरी**

**यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी**

**मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के दिनांक 18.06.2024 को आगमन/भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुये आमजनमानस को असुविधा न हो इसके लिए यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा निम्नवत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की जा रहीं हैं:–**

**A- मा0 प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के देखते हुये मेंहदीगंज कार्यक्रम के दौरान निम्नवत ट्रैफिक एडवाइजरी समय 11.00–20.00 बजे तक के लिए लागू की जा रही हैं –**

**बाह्य जनपद से वाराणसी रिंग रोड होकर जाने वाले वाहनों के लिए निर्देश–**

1. हरहुआ चौराहा से रखौना तक रिंग रोड पूर्णतः बंद रहेगें, सिर्फ रैली से सम्बन्धित वाहन ही जायेंगें।
2. गाजीपुर, मऊ से प्रयागराज की तरफ से जाने वाले सभी प्रकार के बड़े वाहन हरहुआ चौराहा, बाबतपुर पुलिस चौकी चौराहा, बड़ागॉव, कपसेठी, कछुवा चौराहा होते हुये अपने गंतव्य को जायेंगें।
3. सोनभद्र, मिर्जापुर से जौनपुर, गाजीपुर, मऊ की तरफ से जाने वाले सभी प्रकार के बड़े वाहन एनएच होते हुये, टेंगरा मोड़, विश्वसुन्दरी पुल, अखरी, मोहनसराय, राजातालाब, रखौना, कछुवा चौराहा, कपसेठी, बड़ागॉव, बाबतपुर पुलिसचौकी चौराहा, हरहुआ चौराहा, रिंग रोड होते हुये अपने गंतव्य को जायेंगें।

**B- मा0 प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के देखते हुये मेंहदीगंज कार्यक्रम के पश्चात् पुलिस लाइन हैलीपैड से दशाश्वमेध घाट कार्यक्रम** (रूटः–पुलिस लाइन हैलीपैड, पुलिस लाइन चौराहा, मकबुल आलम रोड, शंकुल भवन, ताड़ीखाना तिराहा, चौकाघाट, लहुराबीर चौराहा, कबीरचौरा, मैदागिन चौराहा, दशाश्वमेध घाट) **किए जाने के पश्चात् श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के उपरांत बीएल डब्ल्यू गेस्ट हाउस** (रूटः– दशाश्वमेध घाट, गौदालिया चौराहा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, मैदागिन चौराहा, कबीरचौरा, लहुराबीर चौराहा, लाइट सिग्नल चौराहा, लकड़मण्डी तिराहा, कैंट फ्लाईओवर, शम्भोमाता मंदिर, लहरतारा ओवरब्रिज, लहरतारा चौराहा, मण्डुवाडीह चौराहा, ककरमत्ता ओवरब्रिज, बीएल डब्ल्यू गेस्ट हाउस) **जाने के दृष्टिगत निम्नवत ट्रैफिक एडवाइजरी समय 17.00–22.00 बजे तक लागू रहेगा–**

1. **<u>पुलिस लाइन चौराहा</u>** – पुलिस लाइन चौराहा से पाण्डेयपुर या चौकाघाट की तरफ किसी भी प्रकार के वाहन को नहीं जाने दिया जायेगा, उन सभी वाहन को गोलघर कचहरी चौराहा की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
2. **<u>लकड़मण्डी तिराहा</u>** – लकड़मण्डी तिराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को कैंट ओवरब्रिज के ऊपर या चौकाघाट चौराहा की तरफ नहीं जाने दिया जायेगा। उन सभी वाहनों को गोलगड्डा की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
3. **<u>मैदागिन चौराहा</u>** – मैदागिन चौराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को गौदोलिया चौराहा या लहुराबीर चौराहा की तरफ नहीं जाने दिया जायेगा, उन सभी वाहन को विशेश्वरगंज की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
4. **<u>गौदोलिया चौराहा</u>** – गौदोलिया चौराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर या दशाश्वमेध घाट की तरफ नहीं जाने दिया जायेगा, उन सभी वाहन को सोनारपुरा की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।
5. **<u>सोनारपुरा तिराहा</u>** – सोनारपुरा तिराहा से वीवीआईपी रूट पर किसी भी प्रकार के वाहन को नहीं जाने दिया जायेगा, उक्त सभी वाहन को भेलूपुर चौराहा की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा।
6. **<u>रामापुरा चौराहा</u>** – रामापुरा चौराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को गौदोलिया चौराहा की तरफ नहीं जाने दिया जायेगा, उन सभी वाहन को गुरूबाग की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा, जहॉ से वे अपने गंतव्य को जा सकेंगें।

**नोटः– मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार के कार्यक्रम को देखते हुये आमजनमानस से यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी यह अपील करती हैं कि आपातकालीन वाहन यथा एम्बुलेंस एवं फायरब्रिगेड इत्यादि प्रमुख अस्पतालों तक पहुचने के लिए उपरोक्त निर्धारित रूट का प्रयोग न कर दिए गए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें –**

1. **वैकल्पिक मार्ग–बाबतपुर एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले एम्बुलेंस वाहन बीएचयू जाने के लिए गिलट बाजार से दाहिने शिवपुर चुंगी, सेंट्रल जेल रोड तिराहा, फुलवरिया ओवरब्रिज, मण्डुवाडीह चौराहा, भिखारीपुर तिराहा, सुन्दरपुर चौराहा, बीएचयू चौराहा होकर बीएचयू जायेगें।**
2. **डाफी टोल प्लाजा की तरफ से आने वाले एम्बुलेंस वाहन बीएचयू जाने के लिए अखरी बाईपास, चितईपुर, भिखारीपुर, सुन्दरपुर, नरिया मार्ग होकर बीएचयू जायेगें या रामनगर चौक चौराहा, सामनेघाट पुल, ट्रामा सेंटर, होते हुये बीएचयू हॉस्पीटल जा सकेंगें।**

**अतः सर्व सम्बन्धित से यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की विनम्र अपील है कि उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्यक्रमों के मार्गो का प्रयोग न कर दिए गये वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें। अत्यंत आवश्यकता की दशा में ही वाहन लेकर नगर क्षेत्र में निकले। उपरोक्त कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराने में यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।**

**दिनांकः–जून , , 2024**

अपर पुलिस उपायुक्त यातायात
कमिश्नरेट वाराणसी